Under CSR Support by ipca | Foundation missiongyan

## अध्याय - 1| व्यवसाय, व्यापार और वाणिज्य

**QUIZ PART-06**

1. **व्यवसाय का मुख्य आर्थिक उद्देश्य क्या है?**
   A. समाज सेवा
   B. लाभ कमाना
   C. रोजगार देना
   D. नए उत्पाद बनाना (B)

*व्याख्या :* लाभ कमाना व्यवसाय का पहला और सबसे महत्वपूर्ण आर्थिक उद्देश्य है।

2. **ग्राहकों का सृजन व्यवसाय के किस प्रकार के उद्देश्य में आता है?**
   A. सामाजिक उद्देश्य
   B. कानूनी उद्देश्य
   C. आर्थिक उद्देश्य
   D. व्यक्तिगत उद्देश्य (C)

*व्याख्या :* ग्राहकों का सृजन व्यवसाय की निरंतरता और लाभ से जुड़ा आर्थिक उद्देश्य है।

3. **नव प्रवर्तन का अर्थ है—**
   A. पुराने उत्पादों को हटाना
   B. कुछ नया करना
   C. कर्मचारियों की संख्या बढ़ाना
   D. सेवाओं की कीमत बढ़ाना (B)

*व्याख्या :* नव प्रवर्तन का अर्थ है—कुछ नया करना जिससे प्रतियोगिता में व्यवसाय को बढ़त मिले।

4. **"साधनों का अनुकूलतम उपयोग" किस उद्देश्य से संबंधित है?**
   A. सामाजिक उद्देश्य
   B. आर्थिक उद्देश्य
   C. प्रबंधन उद्देश्य
   D. वैधानिक उद्देश्य (B)

*व्याख्या :* साधनों का सर्वोत्तम उपयोग कर अधिक लाभ प्राप्त करना आर्थिक उद्देश्य है।

5. **गुणवत्तापूर्ण वस्तुएँ प्रदान करना व्यवसाय का—**
   A. आर्थिक उद्देश्य
   B. सामाजिक उद्देश्य
   C. कानूनी उद्देश्य
   D. व्यक्तिगत उद्देश्य (B)

*व्याख्या :* समाज की आवश्यकताओं को पूरा करने हेतु गुणवत्तापूर्ण वस्तुएँ उपलब्ध कराना सामाजिक उद्देश्य है।

6. **उचित व्यापारिक प्रक्रियाएँ किस उद्देश्य की श्रेणी में आती हैं?**
   A. आर्थिक
   B. सामाजिक
   C. व्यक्तिगत
   D. वैज्ञानिक (B)

*व्याख्या :* उचित व्यापारिक गतिविधियाँ समाज के प्रति व्यवसाय की जिम्मेदारियों में शामिल हैं।

7. **रोजगार के अवसर उपलब्ध कराना किस प्रकार का उद्देश्य है?**
   A. सामाजिक उद्देश्य
   B. आर्थिक उद्देश्य
   C. प्रबंधन उद्देश्य
   D. व्यक्तिगत उद्देश्य (A)

*व्याख्या :* समाज में अधिक से अधिक रोजगार देना व्यवसाय का महत्वपूर्ण सामाजिक उद्देश्य है।

8. **कर्मचारियों का कल्याण किस श्रेणी का उद्देश्य है?**
   A. आर्थिक
   B. सामाजिक
   C. स्वैच्छिक
   D. अंतर्राष्ट्रीय (B)

*व्याख्या :* कर्मचारियों की भलाई सुनिश्चित करना व्यवसाय का एक सामाजिक उद्देश्य है।

9. **आर्थिक उद्देश्यों की संख्या कितनी मानी गई है?**
   A. एक
   B. दो
   C. तीन
   D. चार (C)

*व्याख्या :* आर्थिक उद्देश्यों में लाभ कमाना, ग्राहकों का सृजन और नव प्रवर्तन शामिल हैं।

10. **समाज में योगदान देना किस उद्देश्य के अंतर्गत आता है?**
    A. आर्थिक
    B. सामाजिक
    C. व्यक्तिगत
    D. कानूनी (B)

*व्याख्या :* समाज को लाभ पहुँचाना व्यवसाय के सामाजिक उद्देश्यों में एक महत्वपूर्ण उद्देश्य है।

मिशन ज्ञान जब चाहें, जहाँ चाहें, जैसे चाहें। 100% FREE! Video COURSES | QUIZ | PDF | TEST SERIES Download Mission Gyan App